कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा(म0प्र0)
(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)

E-mail address- mhssrewa@gmail.comPhone– (07662) 233943–297943

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / 103 / 2021 रीवा, दिनांक : 30 / 06 / 2021

कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु सूचना–सत्र 2021–22

शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु, ''पहले आओ, पहले पाओ'' (First Come, First Serve) पद्वति से ऑन लाइन पंजीयन दिनांक 06.07.2021 को प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रवेश हेतु इच्छुक ऐसे प्रर्वेशार्थी जो सत्र 2020–21में 75% से अधिक प्राप्तांक के साथ कक्षा 8वीं उत्तीर्ण हैं, mponline के osms पोर्टल पर अथवा विद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। पंजीयन एवं प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित दिशा निर्देश एवं समय सारणी निम्नानुसार है :–

(1) दिशा निर्देश :–

1. कक्षा 9वीं में सत्र 2021–22 हेतु हिन्दी माध्यम के लिये 90 सीट तथा अंग्रेजी माध्यम के लिये 90 सीट निर्धारित की गयी है।
2. प्रवेश हेतु पंजीयन फार्म का शुल्क रु. 100/- ऑनलाइन जमा करना होगा तथा पोर्टल शुल्क अलग से mponline को देय होगा।
3. प्रवेश हेतु निर्धारित सीटों की संख्या तक ऑनलाइन पंजयीन पूर्ण होते ही अथवा निर्धारित समयावधि पूर्ण होते ही ऑनलाइन पंजीयन की लिंक स्वतः बंद हो जावेगी।
4. पंजीकृत आवेदकों को प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं शुल्क अनिवार्यतः जमा कर संस्था में निर्धारित तिथि तक दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा ।
5. दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया हेतु आवेदकों को कक्षा 8 वीं की अंकसूची की छाया प्रति को संबन्धित सकुल प्राचार्य से प्रमाणित करवाकर अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा, अंकसूची /अंकसूची की छाया प्रति में कक्षा 8वीं के प्राप्तांकों एवं प्रतिशंत का उल्लेख होना अपेक्षित है।
6. प्रवेशार्थियों को ऑनलाइन पंजीयन फार्म के साथ अपना नवीनतम फोटों, कक्षा 8 वीं की मूल अंकसूची एवं चाईल्ड़ आई डी कार्ड की JPEG Image, अनिवार्यतः अपलोड करना होगी ।
7. प्रवेश हेतु चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा निर्धारित अवधि मे प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं करने अथवा ऑनलाइन एडमिशन फार्म में असत्य जानकारी अंकित करने एवं नकली / फर्जी दस्तावेज अपलोड करने पर प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जायेगा एवं जमा किया गया शुल्क वापस किये जाने योग्य नहीं होगा।

(2) समय सारणी :–

कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म / एडमिशन फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://modelhssrewa.org.in/एव mponline पोर्टल की लिंक https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWAपरउपलब्ध है। पंजीयन एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु समय सारणी निम्न है :–

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि एवं समय	ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक बंद होने की तिथि	प्रवेश हेतु पंजीकृत आवेदकों की सूची के प्रकाशन की तिथि एवं समय	पंजीकृत आवेदकों द्वारा ऑनलाइन एडमिशन फार्म भरने एवं शुल्क जमा करने की अवधि	ऑनलाइन भरा गया फार्म एवं संलग्न किये गये दस्तावेज सत्यापन हेतु संस्था में प्रस्तुत करने की अवधि अवधि
06.07..2021 को प्रातः 11:00 बजे से	निर्धारित सीटों की संख्या पर पंजीयन पूर्ण होने तक अथवा 07.07..2021 को रात्रि 11:00 बजे तक	08.07.2021 को प्रातः 11:00 बजे	08.07.2021 को दोपहर 12:00 से 10.07.2021 सायं 4:00 बजे तक	08.07.2021 को दोपहर 12:30 बजे से 10.07.2021 को सायं 5::30 बजे तक

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)